किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार

किस्मत वालों को मिलता है, श्याम तेरा दरबार
सच्ची सरकार तुम्हारी, सांचा दरबार, किस्मत...

जो भी गया है श्याम प्रभु के द्वार, पाया उसने सांवरिये का प्यार ।
एक झलक जिसको भी मिल जाये, महक उठे मन बगिया खिल जाए ।
खाली झोली जो लाए, भरता भण्डार, किस्मत वालों को...

कलयुग में बस एक सहारा है, खाटू वाला श्याम हमारा है ।
चारों तरफ दरबार की चर्चा है, हाथों हाथ ये देता पर्चा है ।
ऐसा ये देव दयालु, है लखदातार, किस्मत वालों को...

दुखड़े अपने इन्हें सुना जाओ, भक्तो श्याम शरण में आ जाओ ।
बिगड़ी बातें श्याम बनायेगा, जब भी पुकारो दौड़ा आयेगा ।
पल-भर की देर करे ना, ऐसा दिलदार, किस्मत वालों को...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1659/title/kismat-walo-ko-milta-hai-shyam-tera-darabar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |